कक्षा - दूसरी विषय - हिन्दी

उपविषय - पाठ - 8 'अनोखा क्रिसमस ट्री'

टीचर - सुमन शर्मा पुस्तक - नवतरंग - 2

यह कार्य कक्षा - दूसरी, विषय - हिन्दी, पाठ्य पुस्तक नवतरंग - 2, पाठ नं० 8 'अनोखा क्रिसमस ट्री' पेज नं. 54 से लिया गया है। इस कार्य का लिखित सार आपको 4 नवंबर 2024 भेजा जाएगा।

बच्चो ! आज हम पाठ - 8 'अनोखा क्रिसमस ट्री' पढ़ेंगे इसलिए सभी बच्चे अपनी पाठ्य - पुस्तक का पेज नं० 54 अपने सामने खोल कर रख लें। इस पाठ के द्वारा हम जानेंगे कि अपनी कल्पनाशीलता के द्वारा हम अपने पुराने अनुपयोगी सामान को नया रूप देकर कैसे सुंदर बना सकते हैं।

प्यारे सेंटाक्लॉज़ अंकल

नमस्ते !

आप तो आजकल बहुत व्यस्त होंगे। चार दिनों बाद 'बड़ा दिन' जो आनेवाला है। इस अवसर पर आपको अपने घर आने का निमंत्रण भेज रहा हूँ। अपनी बड़ी बहन आनंदिता और माँ के साथ मिलकर इस बार मैंने एक अनोखा क्रिसमस ट्री बनाया है। उस में खास बात यह है कि यह ट्री पुरानी पत्रिकाओं के कागज़ से बनाया है। पुराने गत्ते के डिब्बे का गमला बनाकर इस ट्री को खड़ा किया है।

मेरी प्रीति चाची ने कागज़ के बहुत - से खिलौने बनाए हैं जिन्हें इस पर सजाया है।

कक्षा - दूसरी　　　　विषय - हिन्दी

उपविषय - पाठ-8 'अनोखा क्रिसमस ट्री'

और हाँ, नानी माँ ने बहुत-सी टोपियाँ बुनी थीं। उन्हें भी इस ट्री के साथ रखा है। वे टोपियाँ सबको उपहार के रूप में देंगे। आपके लिए भी एक सुंदर-सी टोपी बुनी है।

माँ आपके स्वागत के लिए स्वादिष्ट केक और बहुत-सी अच्छी-अच्छी चीज़ें बनाने की तैयारियों में लगी हुई हैं।

हम सब आपके आने की प्रतीक्षा करेंगे। आप आइएगा।

आपका अनंत

- सभी बच्चे पाठ-8 'अनोखा क्रिसमस ट्री' पढ़ने का अभ्यास करेंगे।
- अभिभावकों से निवेदन है कि बच्चों को प्रतिदिन हिन्दी पढ़ने का अभ्यास अवश्य करवाएँ।
- नीचे लिखे कठिन शब्दों को अपनी हिन्दी नोटबुक में लिखें तथा बार-बार इन्हें पढ़ने का अभ्यास करें।

1) अवसर　　4) डिब्बे　　7) प्रतीक्षा

2) निमंत्रण　　5) स्वादिष्ट　　8) खास

3) पत्रिकाओं　　6) व्यस्त

(Last Page)

कक्षा - दूसरी विषय - हिन्दी

उपविषय - पाठ - 8 'अनोखा क्रिसमस ट्री'

टीचर - सुमन शर्मा

## पाठ बोध

1. प्रश्नों के उत्तर शब्दों में लिखें -

क) यह पत्र किसने किसे लिखा है?
उत्तर - यह पत्र अनंत ने सेंटाक्लॉज़ अंकल को लिखा है।

ख) पत्र किस अवसर पर लिखा गया है?
उत्तर - पत्र बड़े दिन के अवसर पर लिखा गया है।

ग) प्रीती चाची ने क्या बनाया है?
उत्तर - प्रीती चाची ने कागज़ के बहुत-से खिलौने बनाए हैं।

घ) सेंटाक्लॉज़ के लिए क्या उपहार रखा है?
उत्तर - सेंटाक्लॉज़ के लिए उपहार में टोपी रखी है।

2. प्रश्नों के उत्तर वाक्यों में लिखें -

क) अनंत ने यह पत्र क्यों लिखा है?
उत्तर - अनंत ने यह पत्र सेंटाक्लॉज़ को अपने घर बुलाने के लिए लिखा है।

कक्षा - दूसरी विषय - हिन्दी

उपविषय - पाठ-8 'अनोखा क्रिसमस ट्री'

ख) क्रिसमस ट्री अनोखा क्यों है?

उत्तर - क्रिसमस ट्री अनोखा इसलिए है क्योंकि इसे घर में पड़े पुराने सामान का उपयोग करके बनाया गया है।

ग) क्रिसमस ट्री बनाने में किन - किन चीज़ों का उपयोग किया गया है?

उत्तर - क्रिसमस ट्री बनाने में पुरानी पत्रिकाओं के कागज़, अखबार तथा पुराने गत्ते के डिब्बों का उपयोग किया गया है।

3. वाक्य बनाएँ -

1. बड़ा दिन - 25 दिसंबर को बड़ा दिन कहा जाता है।
2. खिलौने - मेरे पास बहुत से खिलौने हैं।
3. पत्र - मैं अपने पिता जी को पत्र लिख रही हूँ।
4. घर - मुझे अपना घर बहुत अच्छा लगता है।
5. स्वागत - मैंने घर आए मेहमानों का स्वागत किया।

(Last Page)